**फ़ाइल संख्या: एएनआरएफ/रिक्रूट/01/2024**

# अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन

**(भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)**

**विज्ञापन सूचना संख्या 01/2024**

अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के 01 (एक) पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) - जोकि माननीय प्रधान मंत्री (अधिशासी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में) की अध्यक्षता वाले एक अधिशासी बोर्ड (जीबी) के प्रबंधन के अंतर्गत, संसद के एक अधिनियम, एएनआरएफ अधिनियम, 2023 द्वारा स्थापित किया गया है गणितीय विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और पृथ्वी विज्ञान, स्वास्थ्य और कृषि, और मानविकी और सामाजिक विज्ञान के वैज्ञानिक और तकनीकी इंटरफेस सहित प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमशीलता के लिए उच्च-स्तरीय रणनीतिक दिशा-निर्देश प्रदान करना चाहता है।

3. एएनआरएफ विश्व स्तर की वैज्ञानिक और तकनीकी उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रयोजन से भारतीय अनुसंधान और नवाचार प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए भारत के अग्रणी प्रयासों का प्रतिनिधित्व करता है। अधिशासी बोर्ड के मार्गदर्शन और नीति निर्देश के तहत यह कार्यकारी परिषद (ईसी) (भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में), फाउंडेशन के उद्देश्यों को लागू करेगी। अधिशासी बोर्ड के अध्यक्ष (माननीय प्रधानमंत्री) फाउंडेशन के कुशल प्रशासन के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), जो भारत सरकार के अपर सचिव के रैंक से नीचे नहीं होगा, की नियुक्ति करेंगे। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) एएनआरएफ के लिए नोडल मंत्रालय है।

4. सीईओ की नियुक्ति खोज-सह-चयन समिति द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर की जाती है।

5. अन्य विवरण इस प्रकार हैं:

**(i) <u>सीईओ के कार्य</u>**

सीईओ फाउंडेशन के कुशल प्रशासन के प्रति उत्तरदायी होगा और फाउंडेशन के सभी मामलों के संबंध में सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्तियाँ उसके पास होंगी। सीईओ अधिशासी बोर्ड के निर्देशन में एएनआरएफ कार्यकारी परिषद के साथ मिलकर निम्नलिखित को स्थापित करने के लिए काम करेगा:

- वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विज्ञान और प्रौद्योगिकी (एस एंड टी) अनुसंधान कार्यसूचियां बनाने और उन्हें निष्पादित करने के लिए कार्यक्रम प्रबंधकों, वैज्ञानिकों और प्रशासनिक कर्मियों की एक विश्व स्तरीय टीम।

- ऐसे प्राधिकृत ढांचे तैयार करना जो अधिशासी बोर्ड और कार्यकारी परिषद को दृश्यता, भागीदारी और जवाबदेही प्रदान करें - साथ ही यह सुनिश्चित करें कि एएनआरएफ एक सक्रिय संस्था बनी रहे।

- कार्य प्रोफ़ाइल एक अलग अनुलग्नक के रूप में दी गई है।

**(ii) <u>मुख्य कार्यकारी अधिकारी की योग्यताएं और अनुभव</u>**

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्ति के लिए विचार किए जा रहे व्यक्ति के पास निम्नलिखित योग्यताएं होनी चाहिए:

   *क) विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री, या इंजीनियरिंग या चिकित्सा में स्नातक डिग्री, या प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री, साथ ही अनुसंधान, या नवाचार, या प्रौद्योगिकी विकास का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड; और*

*ख)  कम से कम बीस वर्ष का अनुभव,*

(i) किसी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, या सरकारी विभाग या अनुसंधान संस्थान, या सरकार या किसी कंपनी की अनुसंधान प्रयोगशाला में संकाय या वैज्ञानिक के रूप में; अथवा

(ii) किसी कंपनी में वरिष्ठ प्रबंधकीय स्तर पर, अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों या परियोजनाओं के प्रबंधन में पांच वर्ष का अनुभव।

**(iii) <u>आयु सीमा :</u>**

नियुक्ति के लिए विचार किए जाने वाले व्यक्ति की प्रारंभिक नियुक्ति के समय आयु पैंसठ वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**(iv) <u>कार्यकाल</u>**

फाउंडेशन का मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए पद पर रहेगा, तथा समय-समय पर निर्धारित शर्तों और नियमों के अनुसार पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा:

बशर्ते कि सत्तर वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर नहीं बना रहेगा।

**(v) <u>मुख्य कार्यकारी अधिकारी की सेवा की शर्तें</u>**

1. केंद्र सरकार या राज्य सरकार या भारत में विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या अर्ध सरकारी या वैधानिक या स्वायत्त संगठनों से प्रतिनियुक्ति पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त व्यक्ति को भारत सरकार के सचिव को लागू होने वाली राशि का वेतन और भत्ते का भुगतान किया जाएगा। इस प्रकार की नियुक्ति की शर्तें और नियम प्रतिनियुक्ति पर लागू मौजूदा नियमों के अनुसार होंगी।

2. उद्योग या निजी क्षेत्र या विदेशी संस्थान या गैर-सरकारी संगठन से कोई व्यक्ति, या सीईओ की सेवा शर्तों के पैरा 1 के अंतर्गत शामिल न होने वाला कोई अन्य व्यक्ति, जिसे मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है, को निम्नलिखित विकल्प दिए जाएंगे, अर्थात:-

   क. ऐसी राशि का वेतन और भत्ते, जो भारत सरकार के सचिव को लागू हो सकते हैं; या

   ख. प्रति वर्ष छियासठ लाख रुपये (निर्धारित) का समेकित वेतन, जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित किया जा सकेगा:

   परन्तु वह व्यक्ति जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार से कोई पेंशन प्राप्त कर रहा है, ऐसे व्यक्ति के वेतन में से उसके द्वारा प्राप्त पेंशन की सकल राशि कम कर दी जाएगी।

6. मुख्य कार्यकारी अधिकारी छुट्टी, यात्रा, केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना और अन्य भत्तों के लिए उन्हीं शर्तों पर पात्र होंगे जो भारत सरकार के सचिव को स्वीकार्य हैं। इसके अलावा, प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त व्यक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) या उद्योग या निजी क्षेत्र या विदेशी संस्थान या गैर-सरकारी संगठन से कोई व्यक्ति जो भारत सरकार के सचिव के वेतन और भत्ते का विकल्प चुन रहा है, वह सामान्य पूल में केंद्रीय सरकार के आवासीय आवास के आवंटन के लिए उन्हीं शर्तों पर पात्र होगा जो भारत सरकार के सचिव के लिए स्वीकार्य हैं।

7. **आवेदन कैसे करें:**

(i) सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे URL: https://www.anrfonline.in/recruitment पर क्लिक करके ऑनलाइन आवेदन करें। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एम्प्लायमेंट न्यूज (अंग्रेजी संस्करण) में विज्ञापन के प्रकाशन से 21 दिन होगी।

(ii) केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अन्य सरकारी संगठनों में कार्यरत अभ्यर्थियों को फिजिकल फॉर्म में भी उचित माध्यम से अवश्य आवेदन करना चाहिए। अपूर्ण आवेदन या केवल फिजिकल फॉर्म में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

8. पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र उचित माध्यम द्वारा **"सुश्री मधु वधावन सिन्हा , निदेशक, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन, चौथा तल, ब्लॉक-II, प्रौद्योगिकी भवन परिसर, न्यू महरौली रोड, नई दिल्ली-110016"** के पास एम्प्लायमेंट न्यूज (अंग्रेजी संस्करण) में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर स्पीड पोस्ट द्वारा एक लिफाफे, जिसके ऊपर "सीईओ एएनआरएफ के पद के लिए आवेदन" लिखा हो, में डालकर भेजे जाने चाहिए।

**(मधु वधावन सिन्हा)**
**निदेशक, एएनआरएफ**